स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन, एन.एच. बै पास, पी.बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची - 682 025
फोन: 0484-2333610 से 16 तक

स्पाइसेस बोर्ड की गुंटूर स्थित गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला में प्रशिक्षु विश्लेषक - (रसायन विज्ञान) का चयन

[अनन्यत: अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) उम्मीदवारों केलिए]

पद का नाम : प्रशिक्षु विश्लेषक-(रसायन विज्ञान)

प्रशिक्षणार्थियों की अपेक्षित संख्या : प्रशिक्षु विश्लेषक-(रसायन विज्ञान) : दो

शैक्षिक योग्यता :
प्रशिक्षु विश्लेषक-(रसायन विज्ञान): किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रसायन विज्ञान में स्नातक की उपाधि

पात्रता :

1. उच्च आयु सीमा, जैसेकि लिखित परीक्षा की तारीख को है, 35 वर्ष से अधिक न होनी चाहिए
2. स्पाइसेस बोर्ड के किसी भी विभाग में जो पहले ही प्रशिक्षित हैं /प्रशिक्षण पा रहे हैं, पात्र नहीं होंगे।

कार्यकाल : दो साल

वजीफ़ा : प्रशिक्षु विश्लेषक-(रसायन विज्ञान) : पहले वर्ष प्रति माह 17,000/- रु. और
दूसरे वर्ष प्रति माह 18,000/- रु.

छुट्टी की पात्रता : प्रति माह एक दिन

लिखित परीक्षा की तारीख, समय व स्थान :

06 जनवरी, 2021 को सुबह 10.00 बजे (विज्ञापन की प्रतिक्रिया स्वरूप आवेदन भेजनेवालों की संख्या के आधार पर 1-2 दिनों के लिए बढ़ाई जा सकती है) स्पाइसेस बोर्ड, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, चुट्टुगुंटा सेंटर, जी.टी. रोड, गुंटूर-522004 (फोन : 0863-2338570)

लिखित परीक्षा केलिए कैसे आवेदन करें और कैसे उपस्थित हों :

पात्र उम्मीदवार, अपना रेज्यूमे, नई पास्पोर्ट साइज़ फ़ोटो, प्रमाणपत्र (आयु,शिक्षा,जाति और अनुभव, यदि कोई है तो,) की स्कैन की हुई प्रतियों की एक सेट सहित अनुबंध-1 में दिए अनुसार

अपना विवरण, कोविड-19 के प्रसार नियंत्रित करने हेतु निवारक उपायों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएँ करने केलिए लिखित परीक्षा की तारीख के पहले **‘sbzognt@gmail.com’** में इ-मेइल भेजें। लिखित परीक्षा केलिए उपस्थित होनेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के समय अनुबंध-1 और ऑनलाइन में प्रस्तुत की गई दस्तावेज़ों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी।

लिखित परीक्षा केलिए उपस्थित होनेवाले उम्मीदवारों केलिए अनुदेश :

कोविड-19 जोखिम कम करने केलिए सरल सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों सहित सामान्य उपायों का पालन किया जाना है। परीक्षा के स्थान पर हर समय सभी (स्टाफ व उम्मीदवार) के द्वारा इन उपायों का अनुपालन किया जाना आवश्यक है। इनमें शामिल हैं:

- जहां तक संभव है, कम से कम छह फीट की शारीरिक दूरी बनाए रखना
- फेस कवर/मास्क का अनिवार्य उपयोग
- जब हाथ प्रत्यक्षतः गंदे न हो तब भी साबुन से (कम से कम 40-60 सेकंड के लिए) हाथ धोने का अभ्यास। जहाँ कहीं संभव हो, एल्कोहॉल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग (कम से कम 20 सेकंड के लिए)
- श्वसन शिष्टाचार सुनिश्चित करने हेतु, खाँसते/छींकते समय अपने मुँह और नाक को एक कपड़े / रूमाल / मुड़े हुए कोहनी से ढंकने का सख्त अभ्यास और उपयोग किए गए कपड़ों का उचित रूप से निपटाना ।
- सभी के द्वारा स्वास्थ्य की स्व-निगरानी और किसी भी बीमारी की जल्द से जल्द रिपोर्ट करना।
- ‘थूकना’ सख्त निषिद्ध।
- जहाँ तक संभव हो, आरोग्य सेतु ऐप की स्थापना और उपयोग।

परीक्षाएँ चलाने केलिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार लिखित परीक्षा चलाई जाएगी।

तारीख : 22 दिसंबर, 2020 **सचिव**

अनुबंध -I

विवरण जो इ-मेइल द्वारा भेजे जाने हैं

“विश्लेषक प्रशिक्षणार्थी (रसायन विज्ञापन)” विषय के साथ इ-मेइल के ज़रिए विवरण sbzognt@gmail.com को भेजें

1.	नाम	
2.	पिता /अभिभावक का नाम	
3.	लिंग	
4. 5.	जन्म तिथि वैवाहिक स्थिति	
6.	धर्म	
7.	श्रेणी (अनु.जा./अनु.जन.जा.)	
8.	राष्ट्रीयता	
9.	पहचान प्रमाण	
10	फोन नं. वैकल्पिक नं.	
11.	इ-मेइल पता	
12.	पत्र-व्यवहार केलिए पता	
13.	स्थाई पता	
14.	शैक्षिक योग्यता(प्रतियां अनुलग्नक के रूप में संलग्न की जाएँ)	

परीक्षा	विशेषज्ञता/विषय	विश्वविद्यालय/संस्थान	पास होने का वर्ष	प्रतिशत/जीपीए

15.	अनुभव के विवरण (यदि कोई है) (प्रतियां अनुलग्नक के रूप में संलग्न की जाएँ)	
16.	कोई अन्य संगत सूचना	

घोषणा

मैं इस बात की घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही, पूर्ण और सत्य है। इस आवेदन में किए गए दावे के प्रमाण के दस्तावेज मेरे पास हैं।

तारीख:

स्थान : (नाम)

* * * * *